अवैध मादक पदार्थ के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार



देवघर (आससे)। पुलिस अधीक्षक महोदय, देवघर को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि नगर थानान्तर्गत नीचे सिंघवा टोला एवं आस-पास के क्षेत्र में राहुल महथा नामक व्यक्ति के द्वारा चोरी-छिपे अवैध मादक पदार्थ का कारोबार किया जा रहा है। इस सूचना पर पु.नि.-सह-थाना प्रभारी नगर थाना देवघर के द्वारा पु.अ.नि. मिथलेश कुमार के साथ सशस्त्र बल रात्रि गश्ती एवं सनहा का सत्यापन करने हेतु थाना से प्रस्थान किये। सत्यापन के कम में दिनांक 24.10.2026 को सूचना मिला कि राहुल कुमार महथा अपने सिंघवा स्थित एस्बेस्टस के मकान में अपने अन्य साथी के साथ मादक पदार्थ का बिक्री कर रहे है। इसकी सूचना पु.नि.-सह-थाना प्रभारी, नगर थाना, देवघर को दिया गया। तत्पश्चात् पु.नि.-सह-नगर थाना, देवघर द्वारा श्री कुलदीप कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, देवघर को दिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, देवघर के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के साथ सिंघवा पंहुचकर राहुल कुमार महथा उर्फ राहुल महथा के एस्बेस्टस के मकान पर छापामारी करने पर दो व्यक्ति को पकड़ा गया। दोनो का नाम पता पुछने पर अपना-अपना नाम क्रमशः 01. राहुल कुमार महथा उम्र करीब 22 वर्ष पे. साजु महथा सा. कालीबाड़ी चौक के पास थाना नगर जिला देवघर 02. राजीव कुमार सोनी उम्र करीब 26 वर्ष पे. स्व राजन पोद्धार सा. सिविल लाईन नन्दन पहाड़ थाना नगर जिला देवघर बतायें। पकड़ाये दोनो व्यक्तियों का विधिवत् तलाशी लेने पर 01. राहुल कुमार महथा उम्र करीब 23 वर्ष पे. साजु महथा सा. कालीबाड़ी चौक के पास थाना नगर जिला देवघर के पास से प्लास्टिक का झोला में पारदर्शी प्लास्टिक में गांजा जैसा पदार्थ एवं 5.40 ग्राम ब्राउन सुगर जैसा पदार्थ पाया गया। 02. राजीव कुमार सोनी उम्र करीब 26 वर्ष पे. स्व राजन पोद्धार सा. सिविल लाईन नन्दन पहाड़ थाना नगर जिला देवघर के पास से कागज में लपेटा हुआ कुल तेईस पुडिया वजन 5.37 ग्राम ब्राउन सुगर जैसा पदार्थ पाया गया। इस संदर्भ में पु.अ.नि. मिथलेश कुमार नगर थाना के टंकित आवेदन के आधार पर देवघर नगर थाना काण्ड सं. 452/2026 दिनांक 24.10.2026 धारा 20(b)(ii)(B)/21(b)/29 N.D.P.S ACT दर्ज किया गया।

जब्ती:-01. गांजा 01 किलोग्राम, 80 ग्राम, गिरफ्तारी:-02. ब्राउन सुगर 10.77 ग्राम 01. राहुल कुमार महथा उर्फ राहुल महथा उम्र करीब 22 वर्ष पे0 स्व0 साजो महथा सा0 कालीबाडी थाना नगर जिला देवघर। 02. राजीव कुमार सोनी उम्र करीब 26 वर्ष पे. स्व. राजन पोद्धार सा. सिविल लाईन नन्दन पहाड़ थाना नगर जिला देवघर। अपराधिक इतिहास:-अभियुक्त राजीव कुमार सोनी उम्र करीब 26 वर्ष पे. स्व. राजन पोद्धार सा. सिविल लाईन नन्दन पहाड़ थाना नगर जिला देवघर। 1. देवघर नगर थाना काण्ड सं. 64/2017 दिनांक 14.10.2017 धारा 307/34 भा.द.वि. एवं 27 आर्म्स एक्ट, 2. देवघर नगर थाना काण्ड सं. 484/2022 दिनांक 22.09.2022 धारा 25 (1-बी) ए/26/31 आर्म्स एक्ट ।3. देवघर नगर थाना काण्ड सं0 468/2022 दिनांक 14.11.2022 धारा 148/149/341/323/324/307/379/385/386/427 / भा0द0वि0 । 4. देवघर नगर थाना काण्ड सं. 485 / 2022 धारा 392 भा.द.वि.।5. जसीहीह रेल थाना काण्ड सं. 962/2025 दिनांक 21.05.2025 धारा 153 रेलवे एक्ट। 6. नगर थाना काण्ड सं0 535/2021 दिनांक 29.10.2021 धारा 25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट., 7. देवघर नगर थाना काण्ड सं0 252/2024 धारा 21 (ए) / 20 (बी) (ii) एएनडीपीएस एक्ट ।8. रिखिया थाना काण्ड सं. 88/2021 धारा 379/411/34 भा0द0वि0 ।

छापामारी दल:-01. श्री कुलदीप कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर देवघर। 02.पु.नि.-सह-थाना प्रभारी रवि ठाकुर नगर थाना देवघर। 03.पु.अ.नि. मिथलेश कुमार, नगर थाना देवघर। 04.पु.अ.नि. घनश्याम गंझु, नगर थाना देवघर। 05. पु.अ.नि. सुरज कुमार, नगर थाना देवघर। 06. आरक्षी 22 अशोक दास नगर थाना रिजर्व गार्ड। 07. आरक्षी 563 संजय कुमार पाण्डेय नगर थाना रिजर्व गार्ड।

मिशन वात्सल्य को लेकर उपायुक्त ने दिया आवश्यक निर्देश



देवघर (आससे)। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी श्री सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में आज दिनांक 24.10.2026 को मिशन वात्सल्य बाल संरक्षण योजना के अंतर्गत जिला चयन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में योजना के सफल क्रियान्वयन और संकटग्रस्त बच्चों के कल्याण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा जरूरतमंद बच्चों को योजना का सीधा लाभ पहुंचाने के लिए चयन प्रक्रियाओं और सुरक्षा दिशानिर्देशों की समीक्षा की गई, साथ ही उन्होंने विभाग में रिक्त पड़े पदों पर जल्द से जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया ताकि कार्यों में तेजी लाई जा सके और जिले में बाल संरक्षण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीडब्ल्युसी द्वारा किये जा रहे कार्यों, चाईल्ड हेल्पलाईन सेवा, बाल मजदूरी एवं बाल विवाह के रोकथाम को लेकर किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने सीसीआई के बच्चों को कौशल से जुड़े प्रशिक्षण के अलावा चुल्हिया व चरकी पहाड़ी स्थित केन्द्रों में रहने वाले बच्चों को कार्यशाला, प्रशिक्षण एवं अन्य फिजिकल एक्टिविटि से जोड़ने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। बैठक में उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त श्री पीयूष सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती कुमारी रंजना, एडीएसएस श्रीमती सरिता भारती, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी श्री रोहित कुमार विद्यार्थी, जिला बाल संरक्षण ईकाई देवघर से श्री आशुतोष झा एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

तुलसी बाबा फिर से आओ की लोकार्पण संपन्न



देवघर (आससे)। स्टेशन रोड स्थित आई एम ऐ सभागार में बैठकी और यथार्थ दंश परिवार के संयुक्त संयोजन में अनिल कुमार झा द्वारा रचित पुस्तक, तुलसी बाबा फिर से आओ की समीक्षाओं, जिसका संपादन दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ.अमरनाथ झा पंकज ने किया है का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गीतकार और गायक श्री सर्वेश्वर दत्त द्वारी द्वारा किया गया। मंच संचालन रामसेवक सिंह गुंजन ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राहुल शिवाय ने अपने नवगीतों की प्रस्तुति दी। डॉ. अमर नाथ झा % पंकज % ने अपने ग़ज़ल को गा कर सुनाया। श्री वरुण राय ने अपने गीतों को गा कर हॉल में समा को बांध दिया। इस असवार पर प्रतिष्ठित लेखक और कवियों ने अपनी अपनी रचनाओं को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ विजय शंकर, डॉक्टर नंदन द्वेविदी श्री उमेश कुमार , श्री प्रशांत कुमार सिन्हा, प्रोफेसर रामनंदन सिंह, श्री रवि शंकर साह, डॉ शंकर मोहन झा, श्री हिमांशु झा, उमाशंकर राव ऊर्रेंदु आदि गणमान्य लेखक और कवि उपस्थित थे।

दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

सिरदला (नवादा) (संसू)। थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वर्षों से फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। दोनों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें व्यवहार न्यायालय, नवादा में उपस्थापन के लिए भेज दिया है। इस संबंध में सिरदला थानाध्यक्ष विनय कुमार चौरसिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार वारंटियों की पहचान सिरदला गांव निवासी गोपाल प्रसाद तथा जेहल्दी गांव निवासी अभिमन्यु राजवंशी के रूप में हुई है। दोनों लंबे समय से फरार चल रहे थे। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई करते हुए उन्हें पकड़ लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंट के निष्पादन को लेकर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत दोनों वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें आगे की कानूनी प्रक्रिया के लिए व्यवहार न्यायालय, नवादा भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से फरार वारंटियों में हड़कंप मचा हुआ है।

युवा कांग्रेस की गोड्डु लोकसभा स्तरीय अंबेडकर क्विज प्रतियोगिता




देवघर (आससे)। युवा कांग्रेस की ओर से जसीडीह स्थित एक्सक्लूसिव गार्डन में गोड्डु लोकसभा स्तरीय डॉ बीआर अंबेडकर क्विज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया। इसमें देवघर, मधुपुर और जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के 285 छात्र-छात्राओं और युवाओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का समन्वय युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आर्कदित्य यादव ने किया। परीक्षा और अंतिम क्विज राउंड के बाद शीर्ष 15 प्रतिभागियों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में विक्रम भैया ने पहला स्थान प्राप्त किया। उन्हें 15 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दिया। मोहम्मद नदीम सरवर दूसरे स्थान पर रहे।

उन्हें 14 हजार रुपये मिले। मोहम्मद मेराज अंसारी ने तीसरा स्थान प्राप्त कर 13 हजार रुपये का पुरस्कार हासिल किया। पुरस्कार वितरण में विधायक सुरेश पासवान और प्रदीप यादव शामिल रहे। अन्य पुरस्कार विजेताओं में बबलू कुमार यादव, अरविंद कुमार यादव, चंदन यादव, विष्णु गुप्ता, सोनम भारती, रहमत अंसारी और आलोक रंजन शामिल रहे। शेष चयनित प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि इससे युवाओं में संविधान के प्रति जागरूकता और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का उत्साह बढ़ेगा।

विधायक प्रदीप यादव और सुरेश पासवान ने भी आयोजन की सराहना की।

निर्णायक मंडली में गुलशन कुमार, नवीन उर्फ गुड्डु यादव और जयकांत भगत शामिल थे। मौके पर सतीश पाल मुंजनी, डॉ मुन्नम संजय, जिलाध्यक्ष राजेंद्र दास, युवा जिलाध्यक्ष आशीष भारद्वाज, संजय कुमार, उदय प्रकाश, मुकुंद दास, नागेश्वर सिंह, जय शंकर झा, अजीत महात्मा, दिनेश कुमार मंडल और महेश चंद्रवंशी सहित कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

डकाय जंगल से तीन साइबर ठग गिरफ्तार



देवघर(आससे)। साइबर पुलिस प्राप्त प्रेस नोट के अनुसार पुलिस अधीक्षक देवघर, प्रवीण पुष्कर (भा.पु.से.) के आदेशानुसार साईबर अपराधियों के विरूद्ध की जा रही लगातार कार्रवाई के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक कैलाश प्रसाद महतो के नेतृत्व में दिनांक 24.10.2026 को 03 (तीन) साईबर अपराधकर्मियों को साइबर अपराध करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर देवघर जिला के सारठ थाना अंतर्गत डकाय जंगल में कुछ संदिग्ध साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी तरीके से Flipkart /Amazon के कस्टमर केयर प्रतिनिधि, Airtel Payment Bank पदाधिकारी एवं Google ÂÚU Phonepe Customer Care के नाम पर आमलोगों को ठगी का शिकार बनाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी।

उक्त सूचना के आलोक में की गई छापामारी के दौरान 03 (तीन) साईबर अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों के पास से बरामद मोबाइल फोन / सिम के प्रारंभिक जांच में साइबर ठगी में संलिप्तता पाई गई है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-1. सिंकू भोक्ता, उम्र करीब 32वर्ष, पे.-स्व. अशोक प्रसाद भोक्ता, सा.-ढीबा, थाना-पथरडुा ओ.पी. (सारठ), जिला-देवघर, 3. चंदन यादव, उम्र करीब 22 वर्ष, पे.-अशोक यादव, सा.-बडा मोहनपुर, थाना-सोनारायठाढी जिला-देवघर 3. रौशन कुमार मंडल, उम्र करीब 24वर्ष, पे.-मनिकांत मंडल, सा.-चोरखेदा, थाना-जरमुंडी, जिला-दुमका गिरफ्तार अभियुक्त की अपराध शैली:- 1. फर्जी Google Pay/ Phonepe/Airtel Payment Bank Customer Care पदाधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को कैश बैक का झांसा देकर ठगी करना। 1. APK File (PM KISSAN YOJNA, BIJLI BILL, RTO CHALLAN) भेजकर मोबाइल का एक्सेस लेकर ठगी करना। 2. फर्जी Airtel Payment Bank पदाधिकारी बनकर उपभोक्ताओं को झांसे में लेकर Airtel Thanks App के माध्यम से Airtel Payment Bank कार्ड बंदकर उपभोक्ताओं को झांसा देकर तथा आम सहायता के रूप में कार्ड को पून: चालू कराने के नाम पर झांसा देकर ठगी करना।

गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से बरामद सामानों की विवरणी:- मोबाइल फोन- 03, सिमकार्ड 04, ATM Card 02, छापामारी दल:-1. पु.नि. नागेन्द्र कुमार मंडल, साइबर थाना, देवघर एवं अन्य सशस्त्र बल, देवघर। 2. पु.अ.नि. सह थाना प्रभारी, सोनारायठाढी थाना रोहित दांगी, 3. पु.अ.नि. सह थाना प्रभारी, सारठ थाना दीपक कुमार शाह एवं अन्य सशस्त्र बल।

की जा रही है।

नूनफर जंगल से शराब के साथ एक गिरफ्तार

सिरदला (नवादा) (संसू)। परना डाबर थाना क्षेत्र के नूनफर जंगल में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर 100 लीटर महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। परना डाबर थानाध्यक्ष हरिकांत कुमार से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान सिरिसिया टांड़ गांव निवासी अमित सिंह के पुत्र प्रदीप सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को नूनफर जंगल में महुआ शराब रखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने जंगल में छापेमारी की, जहां से 100 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। मौके से प्रदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में परना डाबर थाना कांड संख्या 229/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए व्यवहार न्यायालय, नवादा भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई

हृदयनाथ एवं गणेश शंकर विद्यार्थी राष्ट्रसेवा के दो प्रेरणास्त्रोत

देवघर (आससे)। भारत की सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय चेतना के इतिहास में अनेक ऐसी विभूतियों ने जन्म लिया है, जिन्होंने अपनी प्रतिभा, साधना, त्याग और समर्पण से देश को गौरवान्वित किया है। मौके पर स्थानीय विवेकानंद शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार सिंह देव ने दोनों महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा- भारतीय संगीत जगत के प्रतिष्ठित संगीतकार हृदयनाथ मंगेशकर और निर्भीक पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी गणेश शंकर विद्यार्थी ऐसी ही दो महान विभूतियाँ हैं। दोनों का कार्यक्षेत्र भले ही अलग-अलग रहा हो, लेकिन उनकी साधना का मूल उद्देश्य भारतीय समाज, संस्कृति और जनचेतना को समृद्ध करना था। एक ने संगीत के माध्यम से जनमानस को भावविभोर किया, तो दूसरे ने अपनी लेखनी के माध्यम से अन्याय, शोषण और सामाजिक विषमता के विरुद्ध संघर्ष किया।

डॉ. प्रदीप ने हृदयनाथ मंगेशकर के संबंध में कहा, हृदयनाथ मंगेशकर भारतीय संगीत जगत के सुप्रसिद्ध संगीतकार हैं। उनका जन्म 26 अक्टूबर, 1937 को महाराष्ट्र में हुआ था। वे महान गायिका लता मंगेशकर और प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले के छोटे भाई हैं। उनके पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर शास्त्रीय संगीत एवं रंगमंच की प्रतिष्ठित हस्ती थे।



संगीत से परिपूर्ण पारिवारिक वातावरण ने हृदयनाथ मंगेशकर की प्रतिभा को विकसित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहरी समझ, स्वर-संवेदना और रचनात्मक प्रयोगों के माध्यम से अपनी विशिष्ट पहचान बनाई।

उनकी संगीत रचनाओं में शास्त्रीयता, भावनात्मक गहराई, काव्यात्मक सौंदर्य और मधुरता का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उन्होंने मराठी और हिंदी संगीत जगत को अनेक यादगार गीत प्रदान किए। उनकी संगीत साधना का एक उल्लेखनीय पक्ष यह है कि उन्होंने महान कवियों की रचनाओं को संगीतबद्ध करके जनसामान्य तक पहुँचाया। संत ज्ञानेश्वर, संत तुकाराम, मीराबाई और अन्य कवियों की रचनाओं को उन्होंने अपनी गायिका लता मंगेशकर और प्रसिद्ध गायिका आशा भोसले के छोटे भाई हैं। उनके पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर शास्त्रीय संगीत एवं रंगमंच की प्रतिष्ठित संवेदनाओं की विविध छवियाँ दिखाई देती हैं। उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी उल्लेखनीय योगदान दिया। लेकिन..., माया मेमसाब और लाल सलाम जैसी फिल्मों में उनके संगीत निर्देशन की विशेष पहचान रही है।


उन्होंने पारंपरिक संगीत की गरिमा बनाए रखते हुए नवीन प्रयोग किए और संगीत को अधिक भावपूर्ण बनाने का प्रयास किया। उनकी संगीत रचनाओं में शब्दों की आत्मा को समझने और उसके अनुरूप स्वर-संयोजन करने की क्षमता दिखाई देती है। वे केवल धुन बनाने वाले संगीतकार नहीं, बल्कि कविता की भावभूमि को संगीत में रूपांतरित करने वाले साधक हैं। उनके योगदान ने भारतीय संगीत परंपरा को समृद्ध किया है।

उनका जीवन हमें सिखाता है कि किसी भी कला में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर अभ्यास, अनुशासन, मौलिकता और समर्पण आवश्यक हैं। उनकी जयंती संगीतप्रेमियों के लिए भारतीय संगीत की महान परंपरा को स्मरण करने और नई पीढ़ी को कला-साधना के प्रति प्रेरित करने का अवसर है। डॉ. देव ने गणेश शंकर विद्यार्थी के संबंध में कहा, गणेश शंकर विद्यार्थी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी, निर्भीक पत्रकार, साहित्यकार और समाजसेवी थे।

मारपीट के दो मामले दर्ज

वारिसलीगंज (नवादा) (आससे)। नगर परिषद के कोयरी टोला में भारत माता की मूर्ति विसर्जन के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। इस संबंध मुहल्ला निवासी किशोरी राम की पत्नी किरण देवी के द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी में मुहल्ला के ही नरेश महतो के पुत्र अभिमन्यु कुमार व अभिषेक कुमार तथा कल्लू महतो के पुत्र मोनू कुमार को नामजद किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि 21 अक्टूबर की मध्य रात्रि उक्त लोगों ने घर पर चढ़कर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। वहीं दूसरी ओर विरेन्द्र प्रसाद के पुत्र विकास कुमार के द्वारा दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि 21 अक्टूबर की रात्रि मुहल्ले में स्थापित भारत मांता की मूर्ति विसर्जन में शामिल थे। मूर्ति सिमरी गली के पास पहुंचते ही राहुल कुमार मेरे उपर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

झारखंड विधानसभा की लोक लेखा समिति को उपायुक्त ने किया स्वागत



देवघर (आससे)। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री सौरभ कुमार भुवानिया, पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण पुष्कर एवं उप विकास आयुक्त ने आज दिनांक 25.10.2026 को झारखंड विधानसभा की लोक-लेखा समिति के अध्यक्ष और माननीय सदस्यों का देवघर परिसदन में स्वागत किया। इस अवसर पर उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और उप विकास आयुक्त ने लोक लेखा समिति के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार यादव, समिति के सदस्य सह बरकट्ठा विधानसभा के माननीय विधायक श्री अमित कुमार यादव, सदस्य सह मनोहरपुर विधानसभा के माननीय विधायक श्री जगत मांझी और सदस्य सह कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री नमन विक्सल कोंगाडी को बुके प्रदान कर जोहारकिया गया।

भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय
पूर्व-सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना
स्टेशन मुख्यालय, (ईसीएचएस सेल),गया-823005, फोन : 0631-2950882 / 8544486902, ई-मेल : shqgaya@echs.gov.in

रोजगार सूचना

1. ईसीएचएस द्वारा **भागलपुर, सासाराम, मुंगेर और खगड़िया** में ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक्स (वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान) के लिए, जिसे आवश्यकता और उम्मीदवारों की पात्रता और कार्यप्रदर्शन स्तर को पूरा करने के अधीन एक और वर्ष की अवधि के लिए नवीकृत किया जा सकता है, अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित स्टाफ की नियुक्ति हेतु सूचीबद्ध करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं-

आवश्यकताएँ	पात्रता	अपेक्षित मैनपावर की संख्या	निश्चित मासिक पारिश्रमिक
कार्यालय प्रभारी पॉलीक्लिनिक	केवल सेवानिवृत सेवा अधिकारी, भारतीय थल सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना, जो रक्षा बजट से **CDA** के माध्यम सेस पेंशन प्राप्त कर रहे हों।	01 पॉलीक्लिनिक सासाराम के लिए	रू.95,000/-
चिकित्सा अधिकारी	एमबीबीएस	01 पॉलीक्लिनिक भागलपुर के लिए	रू.95,000/-
नर्सिंग असिस्टेंट	GNM डिप्लोमा/क्लास-1 कोर्स (सशस्त्र बल)	01 पॉलीक्लिनिक मुंगेर के लिए	रू.36,500/-
चौकीदार	सशस्त्र बलों के कर्मियों के लिए कक्षा 8वीं या जीडी ट्रेड	01 पॉलीक्लिनिक सासाराम के लिए	रू.21,800/-
महिला परिचारिका	साक्षर	01 पॉलीक्लिनिक खगड़िया के लिए	रू.21,800/-

2. **नियम व शर्तें**, आवेदन पत्र, पारिश्रमिक के लिए, कृपया ईसीएचएस वेबसाइट **www.echs.gov.in** देखें। अधिक जानकारी के लिए, कृपया स्टेशन मुख्यालय (ईसीएचएस सेल), गया से टेलीफोन नंबर-0631 2950882,**8544486902** या 09:30 बजे से 14:00 बजे की बीच और ईमेल आईडी **shqgaya@echs.gov.in** पर संपर्क करें। भूतपूर्व सैनिकों एवं सेवाकर्मीयों की विधवायें को वरीयता दी जाएगी।
3. **ईसीएचएस वेबसाइट पर दिए गए प्रारूप के अनुसार आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि।** अपेक्षित प्रारूप के अनुसार आवेदन, शैक्षिक योग्यता और कार्य अनुभव के समर्थन में प्रमाण पत्रों की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी के साथ **20-11-2026** को 14:00 बजे तक ओआईसी, स्टेशन मुख्यालय (ईसीएचएस सेल), गया को जमा किया जाना चाहिए। निर्धारित तिथि और समय के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। 4. **साक्षात्कार की तिथि, समय और स्थान**- अल्पसूचीबद्ध किए गए उम्मीदवार (ई-मेल के माध्यम से सूचित) को **25-11-2026** को 10:30 बजे **स्टेशन मुख्यालय, गया** में 10:30 बजे से शुरू निर्धारित साक्षात्कार के लिए अवश्य पहुंचना चाहिए। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय 10 वीं / मैट्रिक, 10+2 और स्नातक / स्नातकोत्तर / डिप्लोमा / पाठयक्रम के सभी मूल प्रमाण पत्र / अंकतालिका / डिग्री, कार्य अनुभव और डिस्चार्ज बुक, पीपीओ, सेवा रिकॉर्ड और **02X** पीपी साइज के रंगीन फोटोग्राफ लाने होंगे। **कोई टीए / डीए देय नहीं है।** केवल पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले उम्मीदवार ही आवेदन कर सकते हैं। 5. नियुक्ति करने वाले प्राधिकारी के पास विज्ञापित आवश्यकता को बढ़ाने या घटाने का अधिकार सुरक्षित है।